# पीएम मित्र पार्क के लिए पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**राब्यू, जागरण● लखनऊ** : लखनऊ में स्थापित किए जा रहे पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क में निवेश के लिए 100 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग को अभी तक पांच हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें आदित्य बिरला, अजूल डेनिमकार्ट और टीटीएल जैसी कंपनियों के प्रस्ताव भी शामिल हैं।

लखनऊ व हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में स्थापित हो रहे पीएम मित्र पार्क को विकसित करने का काम तेज कर दिया गया है। इसमें 730 एकड़ भूमि लखनऊ और 370 एकड़ भूमि हरदोई की शामिल है। आदित्य बिरला ग्रुप ने इस पार्क में 30 एकड़ भूमि में स्पिनिंग और वीविंग इकाई की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। जीईएसएल स्पिनर्स ने 20 एकड़ में तकनीकी टेक्सटाइल धागा निर्माण की इकाई की योजना तैयार की है। एसवीएम इंक ने 25 एकड़ भूमि पर परिधान निर्माण,आरजीआइ मेडिटेक ने 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स व डायपर्स की इकाई, अजूल डेनिमकार्ट ने 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक इकाई, टीटी लिमिटेड ने पांच एकड़ में परिधान इकाई, माराल ओवरजीस ने पांच एकड़ में परिधान व ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में परिधान निर्माण हब का प्रस्ताव दिया है।